बोलो जी बोलो - श्याम बाबा की जय जय कार बोलो जी बोलो लीले वाले की जय जय कर बोलो जी बोलो Bhajans Bhakti Song

बोलो जी बोलो - श्याम बाबा की जय जय कार बोलो जी बोलो
लीले वाले की जय जय कर बोलो जी बोलो
बोलो जी बोलो................

खाटू वाले श्याम धनि की महिमा जग में न्यारी,
जिसका नहीं कोई जगत में उसका श्याम बिहारी
चाहे नर हो या नार, बोलो जी बोलो
बोलो जी बोलो................

अहिलवती को लाल देखने महाभारत रण आया
शीश दान दे श्री कृष्ण को श्याम नाम वर पाया
इनकी महिमा अपरम्पार, बोलो जी बोलो
बोलो जी बोलो................

पहन केसरिया बागा बाबा,लीले करे सवारी,
तीन बाण काँधे पे सोहे,हाथ ध्वजा है प्यारी

बाबा लीले असवार बोलो जी बोलो
बोलो जी बोलो................

शीश के दानी महा बलवानी, बाबा श्याम हमारे
सरनागत के भाव देखकर,बनते श्याम हमारे
नंदू मागो इनसे प्यार,बोलो जी बोलो

Source:
https://www.bharattemples.com/shyam-baba-ki-jai-jai-kar-bolo-ji-bolo-lele-vale-ki-jai-jai-kar-bolo-ji-bolo/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw